**पंजीकृत (एडी) डाक द्वारा**

**विदेश मंत्रालय**
**[दक्षिण प्रभाग]**

****

जवाहर लाल नेहरू भवन
23-डी, जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांकः 29 जून, 2016

सेवा में,

श्री अयूब अली
अशफाक नगर (एम एन जे ई),
शाहजहांपुर,
उत्तर प्रदेश- 242001

महोदय,

कृपया इस कार्यालय में 03.06.2016 को प्राप्त अपने आर टी आई आवेदन पंजीकरण सं. एम ओ ई ए एफ/आर/2016/00925 का संदर्भ लें जिसमें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी गई है।

2. फिलीपिंस और न्यूजीलैंड से संबंधित आपके आर टी आई प्रश्न के भाग 2 के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि जून 2014 से मार्च 2016 तक की अवधि के दौरान भारत सरकार द्वारा इन दो देशों को कोई अनुदान नहीं दिया गया है। यह भी उल्लेख किया जाता है कि उक्त अवधि के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड और फिलीपिंस की कोई सरकारी यात्रा नहीं की है।

3. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं तो आप सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (1) के तहत इस पत्र की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर निम्नलिखित को अपील दायर कर सकते हैं:

**श्री बी एस मुबारक**
**निदेशक (दक्षिण) तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी**
**विदेश मंत्रालय**
**कमरा सं. 3005, जवाहर लाल नेहरू भवन**
**23 डी, जनपथ, नई दिल्ली - 110001**

**(टी वी गणेशन)**
**अवर सचिव (दक्षिण-II)**
**दूरभाषः 011-49015243**
**ई-मेलः ussouth2@mea.gov.in**

प्रतिलिपिः

1. निदेशक (दक्षिण) .......................... सूचनार्थ
2. आर टी आई सेल, विदेश मंत्रालय
3. अपर सचिव (डी डी), विदेश मंत्रालय

8670/FS/16
3/6/16 **स्पीड पोस्ट ए.डी**

**सूचना का अधिकार**

# प्रधान मंत्री कार्यालय

925/2016

**साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011**

संख्या आरटीआई/3784/2016-पीएमआर दिनांकः 06/05/ 2016

3153

**कार्यालय ज्ञापन**

03/06/2016

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

उपर्युक्त विषय पर श्री अयूब अली से प्राप्त दिनांक 23.4.2016 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 26.4.2016 को प्राप्त हुआ है, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गई है।

सुब्रतो हाजरा

(सुब्रतो हाजरा)
अवर सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
e-mail: rti-pmo.applications@gov.in
☎: 2338 2590

विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
बिंदु संख्या 2 के संबंध में

सचिव, भारत सरकार
औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग
उद्योग भवन, नई दिल्ली
बिंदु संख्या 3 के संबंध में

**प्रति- (रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी. द्वारा)**

श्री अयूब अली
अशफाकनगर(एमनजई)
शाहजहाँपुर-242001
उत्तर प्रदेश

कृपया आप इस संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें। इस कार्यालय से संबंधित सूचना कालान्तर में प्रदान कर दी जाएगी।

US(RTI) All Territorial Divisions

2/6

SO(RTI)

2/6

3784_21416

3784/16

26 APR 2016

श्रीमान केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी
प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार
नई दिल्ली।

विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दुओं पर सूचनाएं देने की कृपा करें।

महोदय,

1. मा0 प्रधानमंत्री जी ने जून 2014 से मार्च 2016 तक कितनी विदेश यात्राएं की हैं? इन विदेश यात्राओं में प्रधानमंत्री के साथ कितने गैर सरकारी लोग साथ में गए थे? विदेश यात्राओं पर पिछले दो वर्षों में कुल कितनी सरकारी धनराशि खर्च हुई है? पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। US(Pers.) / US(Adm)

2. मा0 प्रधानमंत्री जी के द्वारा विदेश यात्राओं के समय जून 2014 से मार्च 2016 तक किन–किन देशों को आर्थिक मदद दी गई है? सम्बन्धित देशों का नाम व दी गई धनराशि की पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। MEA

3. मा0 प्रधानमंत्री जी के विदेशी दौरों से वर्ष 2015–16 में देश में कितना विदेशी पूंजी निवेश हुआ है? पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। DIPP

4. प्रधानमंत्री निवास व कार्यालय का अलग–अलग मदों में प्रतिमाह कितने रुपये का खर्च है? अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक खर्च की पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। Admn / GHO

5. प्रधानमंत्री जी से निवास व कार्यालय पर आम जनता को मुलाकात करने के लिए क्या प्राविधान हैं? प्रधानमंत्री कार्यालय व निवास पर पिछले दो वर्षों में कितनी बार जनता दर्शन/आम जनता से मिलने के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है? पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। OSD (AKT)

6. प्रधानमंत्री जी ने जून 2014 से मार्च 2016 तक देश के विभिन्न स्थानों पर कितनी चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया है? उन पर कितनी सरकारी धनराशि खर्च हुई है? पूर्ण विवरण सहित सूचना देने की कृपा करें। US(Pers) / US(Adm)

भवदीय

(अयूब अली)


पताः– अशफाकनगर (एमनजई)
शाहजहाँपुर–242001 उ0प्र0
मो0नं0–9450413786


दिनाँकः– 23/04/2016

संलग्नक – IPO (10 Rs.)
No. 34F 740922

45242
26/04/16
01/5/16

4400564